पटना नगर निगम
پٹنہ میونسپل کارپوریشن
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

पटना नगरपालिका
CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांकः 1054

Date / दिनांकः 23.01.2025

प्रेषित,

सभी कार्यपालक पदाधिकारी,
सभी कार्यपालक अभियंता
पटना नगर निगम, पटना।

विषय– वित्तीय वर्ष 2024–25 की एक करोड़ की लम्बित योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में।

निदेशित है कि सशक्त स्थायी समिति की बैठक दिनांक–30.09.2024 के बाद से अभीतक कोई बैठक आहुत नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में राजधानी पटना का महत्वपूर्ण विकास कार्य बाधित है तथा वित्तीय वर्ष 2024–25 का अवधि मात्र 02 माह ही शेष है, जिसमें कार्य पूर्ण करना असंभव प्रतीत होता है। इस असाधारण परिस्थिति को देखते हुये महत्वपूर्ण योजनाओं का चयन, प्रशासनिक स्वीकृति एवं निविदा का निष्पादन किया जाना अतिआवश्यक है। इस संबंध में वार्डों से योजनाओं का विधिवत चयन, सक्षम प्राधिकार से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करना एवं समयावधि के अंदर निविदा निस्तारण किया जाना आवश्यक है।

उक्त के आलोक में योजनाओं के चयन एवं उनके क्रियान्वयन हेतु समयावधि निम्नवत् हैः–

क्र०	विवरणी	समयावधि
1	माननीय पार्षदों से योजनाओं की सूची प्राप्त करने की अवधि	23.01.2025 से 29.01.2025 तक
2	सभी कार्य प्रमंडलों से प्राक्कलन तैयार कर तकनीकी अनुमोदन प्राप्त करने की अवधि	30.01.2025 से 13.02.2025 तक
3	सक्षम प्राधिकार के समक्ष उपस्थापित कर योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति एवं निधि आवंटन की अवधि	14.02.2025 से 28.02.2025 तक
4	योजनाओं की निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशित करने की अवधि	01.03.2025 से 07.03.2025 तक
5	निविदा निस्तार कर एकरारनामा करने की अवधि	08.03.2025 से 22.03.2025 तक

उक्त परिस्थिति में असंवैधानिक कृत्यों के संबंध में सरकार को अवगत कराया गया है।

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम